आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–16 मई 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश में सातवें चरण की तेरह लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की कल जांच की गयी। वाराणसी में इक्तालीस में से तैंतीस नामांकन पत्र जांच में निरस्त कर दिए गये हैं। यहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत आठ उम्मीदवार मैदान में हैं। चन्दौली में जांच के दौरान सत्रह, मिर्जापुर में छब्बीस, राबर्ट्सगंज में दस, बलिया में नौ, सलेमपुर में पांच, घोसी मे पांच, गाजीपुर में चौदह, पर्चे खारिज हो गये हैं। गोरखपुर लोकसभा सीट से जांच के बाद 13 प्रत्याशियों के पर्चे वैध पाए गए। जबकि उन्नीस प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों में त्रुटियां मिलने से उन्हें खारिज कर दिया गया। इसी क्रम में बांसगांव लोकसभा से 8 पर्चे वैध मिले जबकि तीन को खारिज कर दिया गया। उधर, महराजगंज लोकसभा के नामांकन पत्रों की जाँच के बाद छः नामांकन पत्र निरस्त कर दिया गया है। कुल आठ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध मिले हैं। कल इन सीटों पर नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट हो जायेगी।

इस अंतिम चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और राबटर्सगंज लोकसभा क्षेत्रों के लिए एक जून को मतदान होगा।

****

प्रदेश में बाकी बचे चरणों के लोकसभा चुनाव के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक मतदाताओं को लुभाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि सीएए मोदी की गारंटी का ज्वलंत उदाहरण है और यह स्पष्ट है कि भाजपा सरकार जो भी वादे करती है उसे पूरा भी करती है। वह जौनपुर जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले विकास दिल्ली और बंबई जैसे बड़े शहरों तक ही सीमित था लेकिन अब अयोध्या और काशी जैसे धार्मिक स्थलों पर भी काफी विकास हुआ है। इससे पहले आजमगढ़ जिले के लालगंज क्षेत्र में एक राजनीतिक रैली को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस एक सिक्के के दो पहलू हैं, वे दोनों झूठ बोलते हैं और भाई–भतीजावाद और भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राम मंदिर पर नकारात्मक टिप्पणी करते रहते हैं। भदोही में श्री मोदी ने त्रिणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी पर निशाना साधा। भदोही में सपा के सहयोग से त्रिणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। पीएम मोदी का आज रात लखनऊ के गवर्नर हाउस में रुकने का कार्यक्रम है और कल वह बाराबंकी, फतेहपुर और हमीरपुर निर्वाचन क्षेत्रों में 3 और रैलियों को संबोधित करेंगे।

उधर वरिष्ठ भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आजमगढ़ में पीएम मोदी के साथ मंच साझां किया और इसके अलावा कौशाम्बी तथा बांदा में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस का गठबंधन नकारात्मक सोच का प्रतीक है।

दूसरी ओर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रायबरेली में वार्डरोब कैंपेनिंग करते हुए भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भगवा पार्टी अराजकता को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि जनता को वह नेता चाहिए जो चार हजार किलोमीटर पैदल चलकर उसके बीच पहुंचता हो। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आज फतेहपुर में पार्टी प्रत्याशी के लिए जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुफ्त राशन योजना से गरीबों का भला नही होने वाला। उन्होंने भाजपा के साथ कांग्रेस और सपा को भी निशाने पर रखा।

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने बांदा और फतेहपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए भाजपा पर हमला बोला और कहा कि केन्द्र और प्रदेश की सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा से संविधान को खतरा है।

****

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने आज भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा संविधान बदलकर आरक्षण खत्म करने के लिए इस चुनाव में 400 सीटें मांग रही है। वह सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ लखनऊ में संयुक्त रूप से एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा और आरएसएस का पूरा इकोसिस्टम हमेशा आरक्षण की सोच के खिलाफ रहा है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा झांसा देने वाली पार्टी है और लोग अब भाजपा को स्वीकार नहीं करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि गठबंधन संविधान को बचाने के साथ–साथ आम लोगों की बुनियादी जरूरत को बचाने की लड़ाई लड़ रहा है.।

****

बहराइच जिले में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्टैटिक सर्विलांस टीम की जांच में कल देर रात रूपईडीहा में एक कार से इक्यावन लाख रूपये बरामद किये गये। यह रकम एक छोटी बोरी में रखी हुई थी। अग्रिम कार्यवाही के लिए इसकी सूचना आयकर विभाग को दे दी गयी है।

****

आज चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डेंगू दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डेंगू से बचाव के लिए विभिन्न अस्पतालों में कार्यक्रम आयोजित किये गये। गोरखपुर में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर आशुतोष कुमार दूबे ने डेंगू के लक्षण और इसके उपचार को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

****